दिनांक–29.09.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ CGRC पर प्राप्त शिकायतों में लंबित शिकायतों का माननीय मुख्यमंत्री के स्तर से कराए गए Surprise Inspection के संबंध में आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

- माननीय मुख्यमंत्री के स्तर से कराये गये Surprise Inspection में बंद पाए गये योजनाओं को 24 घंटे के अंदर क्रियाशील कर जलापूर्ति बहाल करने का निदेश दिया गया अन्यथा अक्रियाशीलता की स्थिति में संबंधित पदाधिकारियो/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि बंद पाई गई योजनाओं के लिए जिम्मेदार एजेंसियों पर एकरारनामा में निहित प्रावधानों के तहत आर्थिक दंड अधिरोपित/डिबार एवं काली सूची में डालने की आवश्यक कार्रवाई किया जाय।

  अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।

- सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि Surprise Inspection में अक्रियाशील/बंद पाए गए योजनाओं को क्रियाशील करते हुए MIS Portal पर ATR अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा उन योजनाओं को अक्रियाशील/बंद माना जाएगा, और संबंधित कार्यपालक अभियंता के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी। सभी अधीक्षण अभियंता इसका अनुक्षवण करते हुए यथाशीघ्र जलापूर्ति बहाल सुनिश्चित कराऐंगे।

  अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।

- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सासाराम के प्रखंड–करघर, पंचायत–थोरसन में 14 योजना बंद पाई गई जिसका मैपिंग कार्य MIS Portal पर उपलब्ध नहीं हैं। इस संबध में संबंधित अधीक्षण अभियंता, अंचल सासाराम को निदेशित किया गया कि इसका अनुश्रवण करते हुए जलापूर्ति बहाल करना सुनिश्चित करेंगे एवं समस्याओं के निराकरण में विलंब करने वाले एजेंसियों/संवेदकों के विरूद्ध एकरारनामा में निहित प्रावधानों के तहत कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

  अनुपालनः– संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।

- सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया कि अक्रियाशील/बंद योजनाओं का एजेंसीवार एवं पंचायतवार विवरणी (PHED &PRD) अविलंब तैयार कर डैशबोर्ड/MIS Portal पर मैपिंग कर अपलोड करेंगे।

  अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।

- सभी कार्यपालक अभियंता CGRC Portal पर प्राप्त 7 दिनों से अधिक सभी लंबित शिकायतों का निराकरण कर 24 घंटे के अंदर शत–प्रतिशत योजना क्रियाशील करेंगे।

  अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।

- सभी अधीक्षण अभियंता को निदेशित किया गया कि सभी बंद योजनाओं की अनुश्रवण करेंगे। अनुश्रवण के क्रम में जिन संवेदकों के यहाँ लंबित शिकायतों की संख्या अधिक पाई जाती है या उनके द्वारा निष्पादन नहीं किया जा रहा है, उन संवेदकों को

रिसाईंड/काली सूची में डालने का प्रस्ताव देंगे एवं अवशेष अवधि के लिए नया टेंडर के लिए प्रस्तावित करेंगे।

अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।

- ❖ सभी छूटे हुए टोलों (फेज–2) में नल–जल योजना का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाय।

अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।

- ❖ सभी कार्यपालक अभियंता सभी जल मीनार, पाइपलाईनों एवं टैंकरों की साफ–सफाई कराते हुए नीले रंग से पेंट कराऐंगे एवं फोटोग्राफ्स MIS पर यथाशीघ्र प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।

- ❖ सभी कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि जिन प्रखंडों/पंचायतों में SC/ST आबादी है और वे अब तक योजनाओं से वंचित हैं, उनका सर्वेक्षण कर अविलंब सूची उपलब्ध कराई जाय।

अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।

- ❖ सभी कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि कुल निरीक्षित योजनाएँ/बंद योजनाएँ/वास्तव में चालू पाई गई योजनाएँ/नगर निकाय को हस्तांतरित योजनाएँ/(एजेंसी/ऑपरेटर) विवाद/छूटे टोलों की योजनाएँ एवं अन्य कारणों से बंद योजनाओं की सूची यथाशीघ्र उपलब्ध कराऐंगे।

अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

06.10.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 14/ग्रा0क–105/25–824 दिनांक– 07/10/26

प्रतिलिपिः–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, बिहार/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/ग्रा0क–105/25–824 दिनांक– 07/10/26

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता, (दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/वि0क–105/25–824 दिनांक– 07/10/26

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)